देश का Darpan News TV
FW FASTWAY
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे

सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:155
जयपुर, रविवार, 17 अगस्त 2025
मूल्य : 5.00 पेज:

## हुमायूं मकबरे के पास छत ढहने से पांच की मौत

**नई दिल्ली**
दिल्ली के निजामुद्दीन में हुमायूं के मकबरे के पास स्थित दरगाह शरीफ पट्टे शाह में दरगाह परिसर के एक कमरे की छत ढहने से पांच की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। दक्षिणी पूर्वी दिल्ली के डीसीपी डॉ हेमंत तिवारी ने बताया कि हादसे में 11 घायलों की अबतक पहचान हो चुकी है, जिनमें से 9 को एम्स ट्रॉमा सेंटर और एक को एलएनजेपी और एक को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों ने एम्स ट्रॉमा सेंटर लाए गए नौ घायलों में से 5 (2 पुरुष और 3 महिला) को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में 79 और 35 वर्ष के पुरुष और 42, 40 और 40 वर्ष की महिलाएं शामिल हैं। एलएनजेपी में लाए गए घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य की हालत स्थिर है और वे ठीक हो रहे हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा आज दोपहर 3:45 मिनट पर हुआ। पुलिस ने तुरंत पहुंचकर घटना स्तर पर राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया। दिल्ली पुलिस, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अग्निशमन सेवा के जवानों ने हादसे के बाद राहत और तलाशी अभियान में लगे रहे। आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि लोग कह रहे हैं कि शाम 4 बजे के आसपास बारिश हो रही थी और आसपास पानी जमा होने से छत ढह गई। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पिछले तीन महीने में इस तरह की घटनाओं में लगभग 30 लोगों की जान जा चुकी है। लेकिन सरकार जागने को तैयार नहीं है। यह बहुत दुखद है कि दिल्ली में बारिश के कारण कहीं पेड़ गिर रहे हैं, कहीं खंभे गिर रहे हैं, हमारा प्रशासन से एक ही कहना है कि वह अपना काम ठीक करें। हम सरकार से कह रहे हैं कि बातों से कुछ नहीं होगा, मुख्यमंत्री को जमीन पर उतरना होगा।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज

नई दिल्ली
देशभर में शनिवार को पूरे उत्साह और उमंग से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई जा रही है।कन्हैया के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मथुरा सहित देशभर के तमाम मंदिरों में आकर्षक सज्जा और विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजन किए जा रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद कृष्ण की अष्टमी तिथि को हुआ था।

# 'वोट चोरी' मुद्दे पर राहुल गांधी ने साधा निशाना

## चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है: राहुल

**नई दिल्ली**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा है। राहुल गांधी ने लापता वोट लिखकर एक बॉलीवुड फिल्म का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। कांग्रेस ने भी एक वीडियो जारी करते हुए एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइये हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। राहुल गांधी की ओर से जारी किए गए वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने में यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। एक मिनट लंबे वीडियो का शीर्षक 'लापता वोट' है। इसे हाल ही में आई एक फिल्म के शीर्षक से लिया गया है।

**कांग्रेस ने भी जारी किया वीडियो**
कांग्रेस ने बुधवार को भी एक वीडियो जारी किया। इसमें दिखाया गया कि कैसे फजी वोट डाले जा रहे हैं। वीडियो में एक परिवार को मतदान केंद्र में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है, जिसमें दो व्यक्ति उन्हें बता रहे हैं कि उनके वोट पहले ही डाले जा चुके हैं, और अंत में दोनों व्यक्ति फर्जी वोट डालते हैं, तथा मेज पर बैठे एक अधिकारी को अंगूठा दिखाते हैं, जिसकी मेज पर चुनाव चोरी आयोग की डिस्प्ले प्लेट लगी है।
कांग्रेस ने दावा किया है कि वोट चोरी उसके लिए करो या मरो का मुद्दा है, और उसने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने आरोपों को लोगों तक ले जाने के लिए एक रोडमैप की घोषणा की है। कांग्रेस ने लोगों के लिए एक वेब पोर्टल भी शुरू किया है, जिसमें वे पंजीकरण करा सकते हैं और वोट चोरी के खिलाफ चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग कर सकते हैं। साथ ही डिजिटल मतदाता सूची की मांग के प्रति समर्थन व्यक्त कर सकते हैं



### भाजपा चुनाव आयोग के सहयोग से सत्ता पर काबिज हो रही: कांग्रेस

भाजपा चुनाव आयोग के सहयोग से सत्ता पर काबिज हो रही है और जनता की वास्तविक पसंद को कुचल रही है। यादव ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस का मुद्दा नहीं बल्कि देश के हर नागरिक से जुड़ा सवाल है। हमें संगठित होकर जमीनी स्तर से लेकर सोशल मीडिया तक इस साजिश को उजागर करना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि दिल्ली के प्रत्येक कार्यकर्ता को अब संगठन की मजबूती दिखाने का समय है और हर कार्यक्रम में एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी।

### वोट चोरी का मुद्दा देश से जुड़ा: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में एलईडी स्क्रीन पर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से पेश किया गया वोट चोरी का वीडियो प्रदर्शित किया। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा और चुनाव आयोग पर लोकतंत्र व संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया। वीडियो प्रदर्शन से पहले कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने कहा कि जहां मोदी मन की बात करते हैं, वहीं राहुल गांधी जन की बात करते हैं। उन्होंने इसे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार बताते हुए कहा कि वोट चोरी की साजिश से पूरा देश प्रभावित है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे भाजपा और चुनाव आयोग के इस कथित षड्यंत्र को जनता के बीच उजागर करें और राहुल गांधी के अभियान से जुड़कर डिजिटल मतदाता सूची की मांग को मजबूत करें।

## 'वोट चोर जैसे गंदे शब्दों का इस्तेमाल करोड़ों मतदाताओं पर सीधा हमला: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली**
चुनाव आयोग ने एक बार फिर विपक्षी नेताओं के आरोपों पर पलटवार किया है। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत तमाम नेताओं का नाम लिए बिना कहा कि बिना सबूत आरोप लगाने की बजाय लिखित में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। भारतीय चुनाव आयोग का कहना है कि 'एक व्यक्ति एक वोट' का कानून 1951-1952 में भारत के पहले चुनाव से ही अस्तित्व में है। अगर किसी के पास किसी भी चुनाव में किसी व्यक्ति की ओर से दो बार मतदान करने का कोई सबूत है, तो उसे बिना किसी सबूत के भारत के सभी मतदाताओं को 'चोर' बताने के बजाय एक लिखित हलफनामे के साथ चुनाव आयोग के साथ साझा किया जाना चाहिए। लाखों चुनाव कर्मचारियों की ईमानदारी पर भी हमला
चुनाव आयोग ने आगे कहा कि 'वोट चोर' जैसे गंदे शब्दों का इस्तेमाल करके हमारे मतदाताओं के लिए एक झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश न केवल करोड़ों भारतीय मतदाताओं पर सीधा हमला है,




बल्कि लाखों चुनाव कर्मचारियों की ईमानदारी पर भी हमला है।

**चुनाव आयोग पहले भी मांग चुका शपथ-पत्र**
इससे पहले कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पलटवार किया था। राहुल लगातार चुनाव आयोग पर वोट चोरी और भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। इस पर चुनाव आयोग ने कहा था कि अगर कांग्रेस सांसद अपने विश्लेषण पर विश्वास करते हैं और मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर राहुल ऐसा नहीं करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण, निष्कर्षों और बेतुके आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। इसलिए उनके पास दो विकल्प हैं- या तो शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें या चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें।

**राहुल के आरोप**
इससे पहले बीते दिन दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया था कि भारत के चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत हुई थी।

## वित्त मंत्रालय ने दो स्लैब वाली जीएसटी दर संरचना का दिया प्रस्ताव

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को लेकर बड़ा ऐलान किया। इस घोषणा के बाद वित्त मंत्रालय ने कहा कि मंत्रियों के समूह (जीओएम) को दो स्लैब वाली जीएसटी दर संरचना और कुछ चुनिंदा वस्तुओं के लिए विशेष दरों का प्रस्ताव दिया गया है। जीएसटी सुधार दीपावली तक लागू हो जाएंगे, जिससे कर का बोझ काफी कम होगा और छोटे उद्योगों को लाभ होगा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि जीओएम के साथ इस प्रस्ताव को साझा किया




गया है।
वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार का प्रस्ताव तीन बिंदुओं पर आधारित है, संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाना और जीवन को आसान बनाना। मंत्रालय के प्रस्ताव में आम आदमी की जरूरत की वस्तुओं और आकांक्षात्मक वस्तुओं पर करों में कमी शामिल है।

## पीएम कल दिल्ली में करेंगे 11 हजार करोड़ रुपये की हाईवे परियोजनाओं का लोकार्पण

### द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली खंड और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार दोपहर 12:30 बजे दिल्ली के रोहिणी में आयोजित एक भव्य समारोह में दो महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।
इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 11 हजार करोड़ रुपये बताई गई है। प्रधानमंत्री इस अवसर पर जनसभा को भी संबोधित करेंगे।
प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से शनिवार को जारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि दोनों परियोजनाएं द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और अर्बन एक्सटेंशन रोड-(यूईआर) केंद्र सरकार की राजधानी दिल्ली को भीड़ मुक्त करने की रणनीति के अंतर्गत विकसित की गई हैं।



इनका उद्देश्य बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना, यात्रा समय को घटाना और दिल्ली तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों में ट्रैफिक दबाव को कम करना है। द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड 10.1 किलोमीटर लंबा है, जिसे लगभग 5,360 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है।
इस खंड से यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, मेट्रो की ब्लू और ऑरेंज लाइन, आगामी बिजवासन रेलवे स्टेशन और द्वारका क्लस्टर बस डिपो को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी मिलेगी। इस खंड में दो प्रमुख पैकेज शामिल हैं।

## पुतिन से मिले ट्रंप, युद्धविराम का दारोमदार जेलेंस्की पर छोड़ा

### ट्रंप-पुतिन ने यूक्रेन में युद्धविराम पर चर्चा की



**एंकोरेज (अलास्का)**
**संयुक्त राज्य अमेरिका ।** अलास्का शिखर सम्मेलन में शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर वी. पुतिन ने यूक्रेन में युद्धविराम पर चर्चा की। दोनों नेताओं के मध्य एंकोरेज स्थित ज्वाइंट बेस एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन में लगभग तीन घंटे बैठक चली। इसके बाद दोनों ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने युद्धविराम का दारोमदार यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की पर छोड़ दिया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ट्रंप और पुतिन ने शिखर वार्ता बिना किसी मुद्दे पर सहमति की घोषणा किए संपन्न की। ट्रंप ने प्रगति का अस्पष्ट लेकिन सकारात्मक आकलन करते हुए कहा, "कई बिंदुओं पर सहमति बन गई है। अब बहुत कम बिंदु बाकी हैं।" पुतिन ने कहा, "हम इस बात से आश्वस्त हैं कि समझौते को स्थायी और दीर्घकालिक बनाने के लिए हमें संघर्ष के सभी प्राथमिक कारणों को समाप्त करना होगा।" पुतिन ने कहा कि मॉस्को की मांग है कि यूक्रेन अपनी जमीन का एक बड़ा हिस्सा रूस को सौंपे। निरस्त्रीकरण करे। नाटो में शामिल न होने की शपथ ले। इस पर सेवानिवृत्त जनरल और रूसी संसद के सदस्य आंद्रेई गुरुल्योव ने कहा कि बैठक के बाद पुतिन की टिप्पणियों से पता चलता है कि क्रेमलिन का रुख अडिग है। पुतिन ने कहा, "आज राष्ट्रपति ट्रंप कह रहे थे कि अगर वह उस समय राष्ट्रपति होते, तो कोई युद्ध नहीं होता और मुझे पूरा यकीन है कि ऐसा ही होगा।

## खरगे ने सत्ताधारी दल पर मतदाता सूची में गड़बड़ी कराने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली**
**स्वतंत्रता दिवस पर** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने के लिए मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करा रहा है। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया। खरगे ने स्वतंत्रता दिवस पर एक संदेश में कहा कि भारतीय लोकतंत्र का आधार निष्पक्ष चुनाव है, जैसा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने 15 जून 1949 को संविधान सभा में स्पष्ट किया था। खरगे ने चुनाव



आयोग की भूमिका पर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' के नाम पर विरोधी दल के वोट काटे जा रहे हैं। कई जीवित व्यक्तियों को मृत घोषित किया गया है। बिहार में 65 लाख वोट कटने पर सत्ताधारी दल को कोई आपत्ति नहीं है, जिससे स्पष्ट है कि इस प्रक्रिया का लाभ किसे पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने यह बताने से इनकार किया कि किन लोगों के और किस आधार पर वोट काटे जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही आयोग ने मतदाता सूची सार्वजनिक की। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि राहुल गांधी ने आंकड़ों के साथ साबित किया है कि किस प्रकार से एक लोकसभा सीट पर गड़बड़ी कर जीत हासिल की गई। अब ऐसे ही प्रमाण कई अन्य सीटों पर भी सामने आ रहे हैं, जहां अधिकांश विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को बढ़त थी।

## नीतीश सरकार का अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार का वादा

### उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा

**पटना**
बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगले पांच साल में बिहार के एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया है। नीतीश कुमार ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर शनिवार को लिखा कि 2020 में सात निश्चय-2 के तहत की गई घोषणा के क्रम में हमारी सरकार ने 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार देने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है। अब हमारी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। राज्य में उद्योग लगाने और स्वरोजगार करने वालों को कई प्रकार की सुविधाएं देकर सरकार उन्हें प्रोत्साहित कर रही है। अब बिहार में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा।

## हिमाचल में फिर भारी वर्षा, सुन्नी में बाढ़ का कहर, 374 सड़कें बंद

**शिमला**
हिमाचल प्रदेश में मानसून लगातार कहर बरपा रहा है। येलो अलर्ट के बीच राज्य के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार बीती रात हुई भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शिमला से सटे सुन्नी क्षेत्र में सतलुज नदी के उफान पर आने से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। यहां आईटीआई, फॉरेस्ट रेस्ट हाउस और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी घुस गया है। सुन्नी पुल पर प्रशासन ने आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी है और आसपास के लोगों को नदी से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई है। कांगड़ा जिले में पौंग बांध से छोड़े गए पानी ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। मंड भोग्रवां गांव में अचानक व्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से कई एकड़ भूमि पानी में समा गई



और एक बहुमंजिला मकान का एक हिस्सा चंद सेकेंडों में नदी की धारा में समा गया। प्रशासन ने समय रहते घर खाली करवा लिया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।
मौसम विभाग के अनुसार 19 अगस्त तक राज्य में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी है। शनिवार को ऊना, चंबा, कांगड़ा, शिमला और सिरमौर जिलों में भारी बारिश की आशंका है, जबकि 22 अगस्त तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है। हालांकि 20 से 22 अगस्त तक किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। बीती रात बिलासपुर जिला के नैना देवी में सबसे अधिक 160 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। इसके अलावा कांगड़ा के पालमपुर में 101, पंडोह में 72, मंडी में 62, कोठी में 48 और मलरान में 35 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। भारी वर्षा से भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और सड़क, बिजली व पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो रही है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह तक प्रदेश में दो नेशनल हाइवे और 374 सड़कें बाधित थीं। इनमें अकेले मंडी जिले की 203 सड़कें शामिल हैं। कुल्लू में 79, कांगड़ा में 25, चंबा में 20 और सिरमौर में 17 सड़कें प्रभावित हुई हैं। कुल्लू जिले में नेशनल हाइवे 305 जहेड खनग के पास बंद है, जबकि किन्नौर में एनएच-5 बाधित है। इसके साथ ही चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाइवे पर मंडी से पनारसा तक कई स्थानों पर भूस्खलन से यातायात पर असर पड़ रहा है। प्रदेश में बिजली व पेयजल आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। 524 बिजली ट्रांसफार्मर बंद पड़े हैं, जिनमें से मंडी में 458, कुल्लू में 27 और किन्नौर में 24 ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इसी तरह 145 पेयजल योजनाएं ठप हैं। इनमें मंडी की 44, कांगड़ा की 41, चंबा की 24 और हमीरपुर की 21 योजनाएं शामिल हैं। आपातकालीन परिचालन केंद्र की दैनिक रिपोर्ट के मुताबिक इस मानसून सीजन में अब तक 257 लोगों की जान जा चुकी है, 37 लोग लापता हैं और 331 घायल हुए हैं। मृतकों में सबसे अधिक 47 मंडी जिले से हैं।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**जयपुर, 16 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्री शर्मा ने कहा कि भारत रत्न स्व. वाजपेयी ने दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत निर्णयों के माध्यम से देश के चहुंमुखी विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें ओजस्वी वक्ता और कुशल राजनेता के रूप में सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## धार्मिक जुलूसों के लिए नए नियमों की मांग की: सुरक्षा और सुविधा पर दिया जोर ....

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सीवानः शहर में धार्मिक जुलूसों को ज्यादा** व्यवस्थित, सुरक्षित और आम जनता के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से, अधिवक्ता श्री प्रयाग कुमार विकास कुमार ने जिला प्रशासन से एक बड़ा बदलाव लाने की अपील की है। उन्होंने अपनी मांगों को एक आवेदन के जरिए जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, कार्यपालक विद्युत अभियंता, और कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद तक पहुँचाया है।

श्री कुमार का कहना है कि आज भी 'आँखड़ा' जैसे धार्मिक जुलूस पुराने, आउटडेटेड नियमों के अनुसार ही चल रहे हैं। जब ये नियम बनाए गए थे, तब सीवान की आबादी आज की आबादी की एक-तिहाई भी नहीं थी। बढ़ती हुई जनसंख्या और शहरीकरण के कारण अब इन नियमों में तत्काल सुधार की सख्त जरूरत है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इन सुधारों से न सिर्फ सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि आम जनता को होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

जिन पर रोक की बात हो रही है, उनसे आम जनता को क्या नुकसान है?

अधिवक्ता प्रयाग कुमार विकास कुमार ने जिन चीजों पर रोक लगाने की मांग की है, वे सीधे तौर पर आम जनता की सुरक्षा और सुविधा को प्रभावित करती हैं: * डीजे और ट्रैक्टरः जुलूस में तेज आवाज वाले डीजे और बड़े-बड़े ट्रैक्टरों के इस्तेमाल से ध्वनि प्रदूषण बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। इससे बुजुर्गों, बच्चों, और बीमार लोगों को गंभीर परेशानी होती है। कई बार ये डीजे और ट्रैक्टर दुर्घटना का कारण भी बन जाते हैं, जिससे लोगों की जान को खतरा होता है।

* अनियंत्रित लाठीः जुलूस में 6 फीट से ज्यादा लंबी लाठियों का इस्तेमाल अराजकता और हिंसा को बढ़ावा दे सकता है। ये लाठियाँ भीड़-भाड़ वाले इलाकों में आसानी से किसी को चोट पहुँचा सकती हैं, जिससे आम लोगों में डर और असुरक्षा का माहौल बनता है।

* अनियंत्रित समय सीमाः अक्सर जुलूस देर रात तक चलते रहते हैं, जिससे न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा होती है, बल्कि रात में घूमने वाले लोगों और ड्यूटी से लौट रहे कर्मचारियों को भी परेशानी होती है। देर रात तक चलने वाले जुलूसों के कारण कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भी दिक्कत आती है। * बिजली कटौतीः वर्तमान में सुरक्षा के नाम पर जुलूस के रास्तों पर बिजली काट दी जाती है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान आम जनता को होता है। अँधेरे में बच्चे, बूढ़े और बीमार लोग बाहर नहीं निकल पाते। व्यापारियों को भी अपने काम-धंधे बंद करने पड़ते हैं। अस्पतालों, दुकानों और घरों में भी बिजली न होने से जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

नए नियमों से क्या फायदे होंगे?

अगर प्रशासन अधिवक्ता प्रयाग कुमार विकास कुमार की मांगों को मान लेता है, तो इसके कई सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगेःआँखड़ा समिति' के सदस्यों की जवाबदेही तय होने से वे नियमों का पालन करने के लिए बाध्य होंगे। अगर कोई उल्लंघन होता है, तो लाइसेंस रद्द होने का डर रहेगा, जिससे जुलूस ज्यादा अनुशासित होंगे।

* सुरक्षा बढ़ेगीः डीजे और ट्रैक्टर पर प्रतिबंध, लाठी पर नियंत्रण, और तय समय सीमा से भीड़ ज्यादा नियंत्रित होगी, जिससे दुर्घटनाओं और हिंसा की संभावना बहुत कम हो जाएगी। यह लोगों को सुरक्षित महसूस कराएगा। बिजली की आपूर्ति सामान्य रहने से लोगों का जीवन सुचारू रूप से चलता रहेगा। व्यापारी अपना काम कर सकेंगे, और आम जनता को अँधेरे में रहने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गोविन्द देव जी मंदिर पहुंचे पत्नी संग सीएम भजनलाल की पूजा अर्चना



**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**

श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के मौके पर देशभर के हर मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त जुट रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर के श्री गोविंद देव जी मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री भजनलाल ने पत्नी के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि और आम लोगों के खुशहाली की प्रार्थना भी की। मंदिर में दर्शन और पूजा करने के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से भी बातचीत की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गीता में जो उपदेश दिए,वह आज भी हमारे जीवन को सार्थक बना रहे हैं। हम सभी को भगवान श्री कृष्ण के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। श्री कृष्ण ने कर्म की प्रधानता का संदेश दिया था। इसे आत्मसात कर हम सभी को विकसित भारत, विकसित राजस्थान के लिए मिलकर कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री ने गोविन्द देव जी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। मंदिर महंत मानस गोस्वामी ने मुख्यमंत्री भजनलाल और उनकी पत्नी को तिलक किया और मंदिर का उपरना और दुशाला ओढ़ा कर स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को प्रसाद और तुलसी की माला भी भेंट की गई। मुख्यमंत्री को गोविंद देव जी मंदिर प्रबंधन की तरफ से भगवान की तस्वीर भेंट की गई। इस दौरान विधायक श्री बालमुकुन्दाचार्य भी उनके साथ मौजूद रहे।

## गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**जयपुर, 15 अगस्त।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय जयपुर पर आज प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली सहित कांग्रेस विधायक, विधायक प्रत्याशी, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि हमारे देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के अथक प्रयास और बलिदान से हमें देश की आजादी मिली है और महान नेताओं ने जो संविधान दिया उसे समस्त देशवासियों को अधिकार मिले हैं, इसीलिए हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है देश में लोकतंत्र कायम रहे और सभी को बोलने की आजादी हो, काम करने की आजादी हो इसलिए देश के महान नेताओं ने संविधान में सभी देशवासियों को अधिकार प्रदान किया हैं और समस्त देशवासी आज महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में जो शासन कर रहे हैं उनका संविधान में विश्वास नहीं है और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए लगातार प्रहार कर रहे हैं। संविधान द्वारा प्रदत बोलने की आजादी सहित समस्त अधिकार छीने जा रहे हैं, संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है और सबसे बड़ा प्रहार लोकतंत्र में देशवासियों से वोट छीन कर किया जा रहा है केंद्र सरकार लोगों से वोट का अधिकार छीन रही है और संविधान के 73वें व 74वें संशोधन में प्रावधान है कि प्रत्येक 5 वर्ष में नगर निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव करवाया जाना आवश्यक है परंतु 5 वर्ष से अधिक का समय हो जाने पर भी प्रदेश की सरकार संविधान के प्रावधानों का उल्लंघन कर रही है और चुनाव नहीं करवा रही है।

## पातेपुर प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई स्वतंत्रता दिवस समारोह



**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

**पा**तेपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा तोलन किया गया। पातेपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में पातेपुर प्रमुख , प्रखंड क्षेत्र के पांचों थानाअध्यक्ष, तीस पंचायतों एक नगर पंचायत समेत विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों में , पार्टी कार्यालयों में झंडातोलन किया गया।

मिली जानकारी अनुसार पातेपुर प्रखंड क्षेत्र में स्वतन्त्रता दिवस की 79 वर्षगांठ गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पातेपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख रेणु देवी पातेपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश राय , पातेपुर अवर निबंधन अधिकारी संतोष कुमार, पातेपुर थाना अध्यक्ष राकेश कुमार, हरलोचनपुर सुक्की थाना अध्यक्ष लोकेश कुमार, भाजपा कार्यालय परिसर में पातेपुर विधायक लखेंद्र पासवान, जद यू कार्यालय परिसर में प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार,पातेपुर प्रखण्ड काँग्रेस कार्यालय में ,प्रेम सागर यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष राजद प्रखंड अध्यक्ष मकबूल अंसारी जय मूरत राय डिग्री कॉलेज के सचिव दीपक कुमार, नीरपुर मुखिया शोभा देवी, आदर्श ग्राम पंचायत बहुआरा के मुखिया राधा देवी, बरडीहा तुर्की पंचायत के मुखिया रंजना देवी,मुखिया शंकर पासवान , समेत विभिन्न राजनैतिक कार्यालयों में झंडातोलन किया गया।

## भू-अभिलेखों को अद्यतन करने को आज 16 अगस्त से शुरू हो गया राजस्व महाझ्रअभियान अपर समाहर्ता सिवान ने सिवान सदर से की अभियान की



**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान जिला अन्तर्गत 16 अगस्त 2025 शनिवार** से डिजिटाईज्ड जमाबन्दी में परिलक्षित त्रुटियों का निराकरण, छुटे हुए जमाबन्दी का ऑनलाईन एवं उत्तराधिकारी नामांतरण अथवा संयुक्त संपत्ति के बँटवारे की स्थिति में नामांतरण की कार्रवाई किये जाने हेतु पंचायतवार शिविर लगाकर राजस्व विभाग के कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर मामले का निष्पादन किया जाएगा।

हर घर तक पहुंचेगी जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा* जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश ने अपर समाहर्ता सिवान एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिवान, महाराजगंज एवं सभी अंचलाधिकारी को राजस्व महाअभियान को सफलता पूर्वक आयोजित करवाने का निर्देश दिया है। डीएम ने बताया किअंचलवार रोस्टर तैयार करवाया गया है, ताकि हर पंचायत में हल्कावार घर घर जाकर सभी राजस्व कर्मी 03 प्रकार के प्रपत्र बाटेंगे और प्रपत्र बांटने के तिथि से अगले 3 दिन के बाद से घर घर से उन संबंधित प्रपत्र को प्राप्ति ( कलेक्शन) भी करवाएंगे। डीएम ने अपर समाहर्ता को निर्देश दिया है कि जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनावें। ताकि हर दिन संध्या में सभी अंचल अधिकारियों से प्रतिवेदन प्राप्त करने की तिथि वार कितना कितना आवेदन बांटे गए हैं और कितना कलेक्ट किए गए हैं का अनुश्रवण किया जा सके। जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारी को निर्देश दिया है कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए उन्हें इस राजस्व महा अभियान के संबंध में जानकारी दें

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने इस्कॉन मन्दिर में किए दर्शन



**जयपुर, 16 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जन्माष्टमी पर्व पर शनिवार रात्रि को मानसरोवर स्थित इस्कॉन मन्दिर में सपत्नीक दर्शन किए और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने मन्दिर में स्थित श्री श्री गिरिधारी दाऊजी, श्री श्री राधा मदनमोहन एवं श्री श्री गौर निताई की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

श्री शर्मा ने मन्दिर में कीर्तन में हिस्सा लिया एवं वहां उपस्थित श्रद्धालुओं से मिले। परिसर में मधुर कृष्ण कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर विधायक श्री गोपाल शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गैस टैंकर ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौके पर मौत

**देश का दर्पण. दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलेना**

**हलेना (भरतपुर )** थाना क्षेत्र में एनएच-21 पर अमोली टोल प्लाजा के पास शनिवार को एक गैस टैंकर की लापरवाही ने बाइक सवार की जान ले ली। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि टैंकर चालक बिना रुके फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गैस टैंकर ने तेज रफ्तार में बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद टैंकर चालक ने गाड़ी की गति और तेज कर दी और भाग निकला। स्थानीय निवासी प्रवीण चौधरी ने साहस दिखाते हुए टैंकर का पीछा किया और नंबर नोट किया। हालांकि टैंकर चालक को रोकने की कोशिश के बावजूद वह वाहन लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवे पर न तो पुलिस समय पर पहुंची और न ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर सक्रिय रही, जिस कारण चालक आसानी से फरार हो गया। सूचना पर हलैना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने मृतक के बाइक नंबर के आधार पर पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



## प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले से नारी शक्ति की जमकर की प्रशंसा, यह देश के लिए गर्व का क्षण– डॉ अलका सिंह गुर्जर

**जयपुर, 15 अगस्त 2025।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक डॉ. अलका सिंह गुर्जर ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से नारी शक्ति की जमकर प्रशंसा की, यह देश के लिए गर्व का क्षण था। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप से लेकर स्पेस सेक्टर तक हमारी बेटियां छाई हुई हैं। खेल के मैदान में छाई हुई है, फौज में चमक रही है, और यह गर्व का विषय है कि हमारी मातृशक्ति देश के विकास यात्रा में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने ऌनमो ड्रोन दीदी नारी शक्ति की एक नई पहचानॠ का उल्लेख करते हुए बताया कि ड्रोन तकनीक को अपनाकर महिलाओं ने अपने गांवों में पायलट बनकर पहचाने जाने का गौरव प्राप्त किया है। भाजपा राष्ट्रीय सचिव डॉ. अलका सिंह गुर्जर ने कहा कि

प्रधानमंत्री ने यह भी साझा किया कि पहले जो खिलौने हम विदेश से मंगाते थे, आज देश वही खिलौने एक्सपोर्ट कर रहा है, इससे दिखता है कि हमारी नारी शक्ति ने देश की आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई दी है। डॉ. गुर्जर ने कहा, ऌहमने 3 करोड़ ह्यलखपति दीदीॠ बनाने का संकल्प लिया हमारी नारी शक्ति का सामर्थ्य और राष्ट्र के विकास में उनकी बढ़ती हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में इन समूहों ने दुनियाभर में अपने उत्पादों की साथ ही, ऌनमो ड्रोन दीदीॠ तथा ऌलखपति दीदीॠ जैसी योजनाएं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित प्रयासों का प्रतीक बन गई हैं।

## शिक्षण नवाचारों के लिए प्रधानाध्यापक जयप्रकाश कुमावत को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित



**सीकर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय जाजम की ढाणी शिशु के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश कुमावत को विद्यालय में किए गए विभिन्न शैक्षिक नवाचारों तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन, सीकर द्वारा सम्मानित किया गया।

यह सम्मान 15 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांसद , विधायक एवं जिला कलेक्टर की गरिमामय उपस्थिति में प्रदान किया गया।

समारोह के दौरान कुमावत को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। कुमावत ने विद्यालय स्तर पर नवाचारी शिक्षण विधियों को अपनाकर शैक्षिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है तथा विभाग की योजनाओं का उत्कृष्ट रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है।

समारोह में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों ने उपस्थित होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की।

## पुलिस टीम पर किया हमला। अपराधी ने बाल बाल बचे थाना अध्यक्ष राकेश कुमार।

**देश का दर्पण न्यूज (बिहार वैशाली) पातेपुर संवाददाता रंजीत कुमार**

पातेपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के आम बाग में अपराध की योजना बना रहे अपराधियों ने पुलिस टीम पर किया हमला। अपराधी ने बाल बाल बचे थाना अध्यक्ष राकेश कुमार। घटना के बाद मौक से अपराधी फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी पुलिस।



मिली जानकारी अनुसार पातेपुर थाना क्षेत्र के थाना के मात्र 200मीटर की दूरी पर शनिवार को अपराध की योजना बना रहे अपराधी ने थाना अध्यक्ष पर फायरिंग कर दिया। घटना तब हुई जब पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि राम बाग में चार पांच की संख्या में अपराधी बड़े घटना की योजना बना रहे हैं। मौके से पहुंचे थाना अध्यक्ष राकेश कुमार ने अपराधी से पूछ ताछ करना चाहा। तब तक अपराधी फायरिंग करते हुए फरार हो गए।

कुछ दूरी होने के कारण थाना अध्यक्ष राकेश कुमार बाल बाल बच गए। पुलिस के भय अपराधी पिस्टल जिंदा कारतूस छोड़कर गाछी का फायदा भाग गए।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर सर्किट हाउस पर किया ध्वजारोहण



**जोधपुर/जयपुर, 15 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार सुबह जोधपुर के सर्किट हाउस पर ध्वजारोहण किया। श्री शर्मा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को कंपनी कमांडर नितेश कंवर के नेतृत्व में आरएसी की प्रथम बटालियन जोधपुर की एक कम्पनी की टुकड़ी ने सलामी दी। कार्यक्रम में विधायक श्री देवेन्द्र जोशी, अतुल भंसाली, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री शिखर अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने वीरांगनाओं को किया सम्मानित

**जयपुर/पाली, 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस समारोह पाली में हर्षोल्लास, उमंग व गरिमामय माहौल के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह बांगड़ स्टेडियम में हुआ। इसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह ने राज्यपाल का अभिभाषण का पठन किया।



कैबिनेट मंत्री कुमावत ने वीरांगनाओं व विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त प्रतिभाओं, लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। साथ ही देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले वीरों की वीरांगनाओं एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त सराहनीय कार्य करने वाली कुल 64 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र व कैप्टन ऋषिराज सिंह के परिवार सहति 5 भूतपूर्व सैनिकों व पांच लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शहीद स्मारक पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शहीदों को श्रृद्वाजंलि दी।वान द्वारा स्वयं जमाबंदी पंजी का छायाप्रति /प्रपत्र / पैम्पलेट स्वर्गीय सचिदानंद तिवारी और स्वर्गीय रामबच्चन तिवारी के वंशज को हस्तगत कराया गया ।

## जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश के द्वारा अंचल पंचरुखी के सुरवाला पंचायत के मधवापुर मौजा में राजस्व महाभियान ...

**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**



आज राजस्व महा अभियान के प्रथम दिन 16 अगस्त 2025 को जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश के द्वारा अंचल पंचरुखी के सुरवाला पंचायत के मधवापुर मौजा में राजस्व महाभियान अंतर्गत किए जा रहे जमाबंदी पंजी की छायाप्रति और अन्य प्रपत्रों के वितरण के कार्यों का निरीक्षण किया गया और इस अभियान के संदर्भ में ग्रामीणों से विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया । मौके पर जिला पदाधिकारी सिवान द्वारा स्वयं जमाबंदी पंजी का छायाप्रति /प्रपत्र / पैम्पलेट स्वर्गीय सचिदानंद तिवारी और स्वर्गीय रामबच्चन तिवारी के वंशज को हस्तगत कराया गया।

# अटल बिहारी वाजपेई का उत्तर प्रदेश से गहरा रिश्ता - मुख्यमंत्री

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का उत्तर प्रदेश से गहरा रिश्ता था। आगरा के बटेश्वर में उनका पैतृक निवास था। कानपुर से उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। राजनीति की बुनियाद बलरामपुर से भरी थी। अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि समारोह एवं काव्य समागम था। पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि
पहले उत्तर प्रदेश बीमारू था। लेकिन अब बीमारी का इलाज करता है। पिछले आठ वर्षों की तरक्की किसी से छिपी नहीं है। आने वाले दिनों में हमारा प्रदेश हर क्षेत्र में देश में नंबर एक बनेगा।
केजीएमयू स्थित अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल की स्मृतियों को संजोने के लिए बलरामपुर में सरकार मेडिकल कॉलेज बना रही है। अटल आवासीय विद्यालय से श्रमिकों के बच्चे आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।
मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में प्रदेश ने बहुत तरक्की की है।
अटल की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकभवन में स्थापित अटल की मूर्ति का अनावरण करते हुए लखनऊ में उत्तर प्रदेश की पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय का अनावरण किए थे। उत्तर प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध किए गए



हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि अटल भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। उनका कोई विपक्षी नहीं था। वे सदैव लोगों की मदद के लिए आगे रहते थे। अपनी साहित्यिक कृतियों के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की अलख जगाते थे। विदेश में भी वे मातृभाषा हिंदी में भाषण देते थे। वे राजनीति में शुचिता के साथ काम करते थे। उप मुख्यमंत्री ने अटल को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अटल के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लिखित पुस्तक अतुलनीय अटल (व्यक्तित्व, विचार व विरासत) का भी विमोचन किया गया।
पुस्तक में अटल से जुड़ीं यादें व उनकी कविताओं के अंश शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक हर साल लखनऊ के पूर्व सांसद अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कराते हैं। कार्यक्रम में दिनेश शर्मा सांसद, भूपेंद्र सिंह चौधरी प्रदेश अध्यक्ष,स्वतंत्र देव सिंह, दारा सिंह चौहान, ओमप्रकाश राजभर, अनिल कुमार, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, महापौर सुषमा खर्कपाल, पूर्व सांसद अशोक वाजपेयी, विधान परिषद सदस्यगण महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, उमेश द्विवेदी, रामचंद्र प्रधान, पवन सिंह, गोविंद नारायण शुक्ला, संतोष सिंह, अवनीश सिंह, विधायकगण जय देवी, अमरेश कुमार, योगेश शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा, मोहसिन रजा, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता, अमित टंडन, कविगण डॉ. अतुल वाजपेयी, प्रख्यात मिश्रा, विकास बौखल, शशि श्रेया, विख्यात मिश्रा, रमेश तूफानी एवं संचालन शैलंद्र शर्मा अटल ने किया था।

## दादरी स्वर्णकार समाज द्वारा रेलवे रोड पर , ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया




**ग्रेटर नोएडा।** आजादी के अमृत महोत्सव के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दादरी स्वर्णकार समाज द्वारा रेलवे रोड पर , ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया, व राष्ट्रगान गाकर देश की प्रति अपनी एकता का परिचय दिया।
स्वर्णकार समाज के नगर अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा, कि देश के प्रति,प्रत्येक समाज को देशहित के कार्यक्रम करने चाहिए, जिससे सर्व समाज में और जागरुकता आएगी, राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए, इस पावन पर स्वर्णकार समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, एवं इस बार कावड़ लेकर के दादरी शिव भक्तों को भी प्रशस्ति पत्र,और मेडल देकर सम्मानित किया गया।
इस मौके पर श्री रामकुमार वर्मा, भुजेंद्र वर्मा ,मोहनलाल वर्मा, सुखदेव वर्मा, जसपाल सिंह, शिवकुमार वर्मा, सतीश वर्मा, अशोक वर्मा, वेदपाल वर्मा, लोकेश वर्मा, नरेश वर्मा,योगेश वर्मा, ईश्वर प्रसाद वर्मा, अनिल वर्मा, दिनेश वर्मा, दीपक वर्मा, सुनील वर्मा, नीरज वर्मा,अमित वर्मा, गुलशन वर्मा, रवि वर्मा ,जतिन वर्मा, नितिन वर्मा, प्रदीप वर्मा, मोहित वर्मा, राहुल वर्मा, यश वर्मा ,संजीव वर्मा, मयंक वर्मा, कुणाल वर्मा, लकी वर्मा, रोहन वर्मा, शिवा वर्मा, जीतू वर्मा, आकाश वर्मा, प्रिंस वर्मा, रितेश वर्मा, सोनू वर्मा, आशीष वर्मा,आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

## डीसी व एसपी समेत अन्य पदाधिकारियों ने किया ध्वजारोहण



**बोकारो।** जिले में आजादी के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों से लेकर जिले के विभिन्न विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। समाहरणालय परिसर में उपायुक्त श्री अजय नाथ झा ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात रेड क्रॉस सोसाइटी एवं मानव सेवा आश्रम में भी ध्वजारोहण किया। साथ ही मानव सेवा आश्रम के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत से प्रेरित कार्यक्रम प्रस्तुत की गई।
वही पुलिस अधीक्षक श्री हरविंदर सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया।
शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर वीर सेनानियों को किया नमन-
पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी छोटानागपुर बोकारो प्रक्षेत्र श्री क्रांति कुमार गड़ीदेशी, उपायुक्त श्री अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक श्री हरविंदर सिंह ने पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर वीर सेनानियों को नमन किया।
मौके पर उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार, निदेशक डीपीएलआर श्रीमती मेनका, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी पुलिस पदाधिकारी, सभी कार्यालय कर्मी सहित आमजन उपस्थित थे।

## बार एसोसिएशन ने शहीदों की पवित्र रज का भगत सिंह पार्क में किया विसर्जन



**ग्रेटर नोएडा।** जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के द्वारा शनिवार को नोएडा सेक्टर 150 स्थित भगत सिंह पार्क में शहीदों की रज धूली का विसर्जन किया गया। रज धूली का यह कलश उन्हें जय हो सामाजिक संस्था के द्वारा प्रेरणा यात्रा के दादरी शहीद स्तंभ पर हुए समापन अवसर पर प्रदान किया गया था। बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित रज धूली के विसर्जन कार्यक्रम में इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं पूर्व सैनिक मौजूद रहे। वहीं शहीद भगत सिंह पार्क का पूरा क्षेत्र इस दौरान ह्लभारत माता की जयह्व और इंक्लाब जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।
बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद भाटी एडवोकेट ने बताया कि जय हो एक सामाजिक संस्था के द्वारा आजादी के महापर्व के अवसर पर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रेरणा यात्रा का आयोजन किया था। जिसमें जय हो संस्था के संस्थापक कपिल शर्मा एडवोकेट, संयोजक संदीप भाटी, अध्यक्ष दिनेश भाटी एडवोकेट, महासचिव परमानंद कौशिक एडवोकेट और संस्था के जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा एडवोकेट पंजाब के हुसैनीवाला स्थित शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव जी की समाधि स्थली की रज धूली लेकर दादरी शहीद स्तंभ पर पहुंचे थे। जिसमें संस्था द्वारा हजारों लोगों के साथ गाजियाबाद के लाल कुआं से दादरी तक 14 किलोमीटर की देशभक्ति संगीतमय पदयात्रा का आयोजन किया गया था। यात्रा के समापन अवसर पर संस्था के द्वारा शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी का रज कलश नलगढ़ा और नोएडा सेक्टर 150 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में विसर्जन के संकल्प के साथ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी व सचिव अजीत नागर को सौंपा गया था। इस अवसर पर बार एसोसिएशन की तरफ से संस्था को शहीदों के सम्मान और शहीद स्तंभों के जीणोद्धार की लड़ाई में पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया था।
उसी क्रम में शनिवार को बड़ी संख्या में लोग बार अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा के परीचौक पर एकत्र होकर नलगढ़ा व नोएडा के सेक्टर 150 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क पहुंचे थे। जहां उनके द्वारा शहीद भगत सिंह को नमन कर रज धूली का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर प्रमेंद्र भाटी ने कहा कि जय हो संस्था ने ऐतिहासिक प्रेरणा यात्रा निकालकर जिले के लाखों लोगों को शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था को जागृत करने की प्रेरणा देने का काम किया है। जिसके लिए उन्हें जितना साधूवाद दिया जाए वह कम है। इस अवसर पर उन्होंने ऐलान किया कि ग्रेटर नोएडा के डाबरा गांव निवासी सुरेश भाटी सेना में दुश्मनों से लड़ते हुए वीरगती को प्राप्त हो गए थे। लेकिन शासन प्रशासन की लापरवाही के चलते शहीद परिवार को आज तक भी कोई सम्मान नहीं मिला है। शहीद परिवार को उचित सम्मान दिलाने की लड़ाई को हर संभव स्तर तक उनके द्वारा लड़ा जाएगा।

## दादरी में राष्ट्रीय युवा लोकमंच सामाजिक संस्था ने निकाली भव्य, विशाल तिरंगा यात्रा



**ग्रेटर नोएडा।** देश के आजादी के 79 वै अमृत महोत्सव, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजीव सिंघल के नेतृत्व में,राष्ट्रीय युवा लोकमंच सामाजिक संस्था द्वारा, दादरी में 10वीं बार भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, इस तिरंगा यात्रा में 251 फुट का विशाल तिरंगा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, और इस तिरंगा यात्रा में भारत माता, कारगिल,,जनसंख्या नियंत्रण, ऑपरेशन सिंदूर, डॉ भीमराव अंबेडकर, जल- बचाओ जीवन बचाओ,सुखदेव, भगत सिंह व राजगुरु, स्कूल चलो- शिक्षित बनो, मंगल पांडे, महाराणा प्रताप, झांसी की रानी, नेता सुभाष चंद्र बोस, और सैकड़ो की संख्या में तिरंगा बाइक आदि मनमोहक झांकियां रही, इस तिरंगा यात्रा में सेंडहुड कॉन्वेंट स्कूल, एस ए एस एकेडमी, हरिओम पब्लिक स्कूल, रा एस एस स्कूल,की तरफ से बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, इस तिरंगा यात्रा का नगर वासियों द्वारा कई स्थानों पर फूल वर्षा करके स्वागत किया गया, एवं जगह जगह नगर वासियों द्वारा पानी की व्यवस्था की गई।
इस तिरंगा यात्रा में माननीय भाजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, विधायक माननीय तेजपाल नागर, एमएलसी नरेंद्र भाटी ,नगर पालिका अध्यक्ष गीता पंडित, जग भूषण गर्ग, डॉ संजीव गर्ग,एच.के शर्मा, डॉ आर पी पाल, डॉ ओपी अग्रवाल जी, मनोज वर्मा, राजेश गोयल, लोकेश शर्मा, अमित जैन, अभिषेक कौशिक, अक्षय बंसल,जय शिव शर्मा, ईश्वर वर्मा, योगेश वर्मा, हिमांशु कौशिक, रामेश्वर बंसल, साबिर खान,धीरेंद्र भारद्वाज, हरीश भाटिया, कपिल भाटिया, सुमित बैंसोया, तरुण भारद्वाज, यश वर्मा, हरिओम शर्मा, संदीप शर्मा,विकास नागर, हिमांशु अनुराग, बृजपाल बृजपाल खारी, रामकुमार वर्मा, रामेश्वर बंसल, पवन बंसल, अनिल वर्मा, सुभाष बजरंगी, एडवोकेट पुलकित मित्तल, योगराज सेन, साबिर खान, एवं मातृशक्ति संगीता रावल, प्रीति बघेल, सीमा शर्मा, रामवती जी, बॉबी देवी, राजकुमारी शर्मा, रितु सिंघल आदि संस्था के सैकड़ो सदस्य उपस्थित रहे, और दादरी नगर प्रशासन का पूर्ण रूप से सहयोग रहा।

## मथुरा में भगवान कृष्ण का भव्य प्राकट्य उत्सव :1008 कमल पुष्पों से अर्चन, 5 क्विंटल पंचामृत से अभिषेक हुआ



**मथुरा।** मथुरा में जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान कृष्ण का भव्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मस्थान मंदिर परिसर में आधी रात को जैसे ही जन्म का समय हुआ, वातावरण जयकारों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा।
मंदिर परंपरा के अनुसार चांदी से बनी कामधेनु गाय से दूध प्रवाहित कर भगवान का अभिषेक किया गया। इसके बाद उन्हें 1008 कमल पुष्पों पर विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक स्वरूप ठाकुरजी का 5 क्विंटल पंचामृत से अभिषेक किया गया, जिसमें दूध, दही, घी, शहद और शक्कर शामिल थे।
इस अवसर के लिए ठाकुरजी को जो विशेष पोशाक पहनाई गई, उसे मथुरा के कारीगरों ने छह महीने की मेहनत से तैयार किया था। इसमें सोने-चांदी के तारों का बारीक काम किया गया है और सातों रंगों के मेल से इंद्रधनुष की छटा दिखाई देती है।
इस वर्ष जन्मभूमि मंदिर को 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर सजाया गया। फूल बंगले में ठाकुरजी को सिंदूरी फूलों से सजाया गया, जिन्हें विशेष तौर पर कोलकाता और बेंगलुरु से मंगाया गया।
वहीं वृंदावन में भी कृष्ण जन्मोत्सव की धूम है। मंदिरों और आश्रमों में भजन-कीर्तन और रासलीला का आयोजन हो रहा है। जन्मस्थान और प्रमुख मंदिरों के बाहर भारी भीड़ देखी जा रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस समय मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में 30 लाख से अधिक श्रद्धालु मौजूद हैं।
भक्ति और आस्था से ओतप्रोत इस माहौल में मथुरा-वृंदावन पूरी तरह कृष्णमय हो उठा है।

## नेमरा रामगढ़ पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**बोकारो।** नेमरा पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संस्कार भोज में शामिल हुए । दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## जम्मू-कश्मीर के सुदूर गांव में उम्मीद की किरण लेकर आई भारतीय सेना, लड़के को मिली अपनी आवाज

**कठुआ।** दुग्गन के एक गरीब परिवार का अक्षय शर्मा आठ सालों तक खामोशी में रहा। कटे होंठ और तालु के साथ पैदा हुए अक्षय शर्मा की तीन साल की उम्र में सर्जरी हुई थी, लेकिन फिर भी वह बोल नहीं पाता था। उसके माता-पिता गरीबी से जूझ रहे थे और इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ थे, इसलिए उन्होंने अपने बेटे की आवाज सुनने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी।
जम्मू में रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्त्वाल ने बताया कि सब कुछ तब बदल गया, जब उस इलाके में सेवारत एक सेना के डॉक्टर की अक्षय से मुलाकात हुई। परिवार के संघर्ष से प्रभावित होकर उन्होंने अक्षय की प्राथमिक जांच की और पाया कि उचित चिकित्सा से वह बोलना सीख सकता है। सुदूर गांव में ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी, इसलिए सेना के डॉक्टर ने खुद स्पीच थेरेपी तकनीकों का अध्ययन किया और अपने खाली समय में अक्षय के साथ काम करना शुरू कर दिया।
धैर्यपूर्वक उन्होंने उसे ध्वनियां, फिर शब्द और अंत में सरल वाक्य सिखाए। महीनों के अभ्यास के बाद अक्षय ने बढ़ते आत्मविश्वास के साथ बोलना शुरू कर दिया।

## वसुंधरा जोन के वार्ड 43 कड़कड़ मॉडल गाँव में आने-जाने वाले सभी रास्तों पर बारिश के कारण भारी कठिनाई



**गाजियाबाद।** हम आपका ध्यान गाजियाबाद नगर निगम के अंतर्गत वसुंधरा जोन के वार्ड 43 कड़कड़ मॉडल गाँव की ओर दिलाना चाहते हैं, उक्त गाँव में आने-जाने वाले सभी रास्तों पर बारिश के दौरान एक से दो फुट गहरा गंदा पानी भर जाने के कारण आम जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है! खास कर स्कूली बच्चे-बच्चियों/महिलाओं/बुजुर्गों/विकलांगों को अत्यंत परेशानी होती है! इसकी मुख्य वजह नगर निगम और उत्तर प्रदेश स्टेट ऑफ इंडस्ट्रीज डीवलपमेंट अथारिटी (यू पी एस आई डी ए) के दोनों विभागों में आपसी तालमेल ना होने से नाले-नालियों की नियमित सफाई का न होना है।
कड़कड़ मॉडल गाँव के नाले/नालियों की जिम्मेदारी नगर निगम की है और गाँव के बाहर औद्योगिक क्षेत्र के नाले की जिम्मेदारी (यूपीसीडा) की है! उपरोक्त विभागों की अनदेखी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ता है! बरसात में पूरा गाँव एक टापू में तब्दील हो जाता है! साथ ही गाँव के रामलीला मैदान के पार्क में कड़कड़ मॉडल और झंडापुर दोनों गाँव के नागरिक सुबह-शाम घूमने फिरने के लिए आते हैं, इस पार्क में कभी सफाई नहीं की जाती है जिसके कारण चारों ओर गंदगी फैली हुई है और पार्क में नाले का गंदा पानी भरा है जिसमें बदबू आ रही है। राम लीला मैदान के गेट पर भी गंदगी बिखरी पड़ी है।
इसके अलावा पार्क की दोनों ओर लगी लाईटें काफी दिनों से बंद पड़ी हैं जिसके कारण महिलाएं व बच्चे पार्क के अंदर जाने से घबराते हैं! साथ ही फुट पाथ की टाइल उखड़ कर टूट गई है जिससे घूमने फिरने वालों को परेशानी हो रही है! शाम होते ही पार्क में नशेड़ी लोगों का जमावडा हो जाता है! यहाँ से चुने गए प्रतिनिधियों में सांसद, विधायक मंत्री, मेयर, पार्षद का इस क्षेत्र की जनता से अब कोई मतलब नहीं रह गया है, वह लोग तो फिर चुनाव के दौरान दिखाई देंगे! लेकिन भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के कार्यकत्ताओं द्वारा कड़कड़ मॉडल की जन समस्याओं के समाधान के लिए समय-समय पर आंदोलन अभियान किये गए हैं साथ ही लिखित में सम्बंधित विभागों को अवगत कराया गया है उसके बाद कुछ विकास कार्य आधे अधूरे हुए हैं जो ऊंट के मुँह में जीरा के समान है! देश को आजाद हुए 78 साल हो गए हैं लेकिन कड़कड़ मॉडल के निवासी देश की राजधानी दिल्ली के बार्डर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हुए आज भी पानी खरीद कर पीने को मजबूर हैं!

## श्री आदर्श रामलीला सेवा ट्रस्ट' के तत्वाधान में 'स्वतंत्र भारत उत्सव,कवि सम्मेलन' का आयोजन




**ग्रेटर नोएडा।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'श्री आदर्श रामलीला सेवा ट्रस्ट' के तत्वाधान में 'स्वतंत्र भारत उत्सव,कवि सम्मेलन' का आयोजन ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल, रोजा जलालपुर, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट)के सभागार में आयोजित किया गया।
जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति श्रीचंद शर्मा जी, शिक्षक एमएलसी मेरठ सहारनपुर खंड भाजपा, श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल जी,राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा, श्री अभिषेक शर्मा जी,जिलाध्यक्ष भाजपा गौतम बुध नगर,श्री सतेन्द्र नागर जी जिला उपाध्यक्ष भाजपा,यशवीर नागर जी, ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल चेयरमैन उपस्थित रहे।
**कार्यक्रम के संयोजक**
श्री आदर्श रामलीला सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैया गुप्ता ने भिन्न-भिन्न क्षेत्र के प्रसिद्ध कवियों को आमंत्रित किया। दीप प्रज्वलन के बाद सभी कवियों ने बारी बारी से काव्यपाठ प्रस्तुति किया। खचाखच भरे सभागार में
प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती पल्लवी त्रिपाठी जी (सूत्रधार/संचालक) नोएडा के साथ डॉ भारद्वाज अश्क (अध्यक्षता) फरीदाबाद,
कवयित्री डॉ ज्योति उपाध्याय, श्रृंगार गाजियाबाद,जितेंद्र जीत, गीतकार दिल्ली, प्रदीप मायूस जी वीररस शामली, प्रीतम सिंह जी वीररस शामली,सभी कवियों के द्वारा राष्ट्रमय काव्य पाठ की प्रस्तुतियों दी गयीं।
श्री आदर्श रामलीला सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष कन्हैया गुप्ता ने इस कार्यक्रम को सफल ,दिव्य, भव्य बनाने के लिए श्री आदर्श रामलीला सेवा ट्रस्ट के सदस्य पप्पू पाण्डेय,सचिन कुमार-
,शम्भू नाथ सिंह,धर्मवीर शर्मा, अमरकांत झा,मनोज दास, रामप्रसाद चौहान,राकेश विश्वकर्मा,परस राम,परशुराम सिंह, रंजीत कनोजिया,रजनी ठाकुर, महेश फौजी, भानु प्रताप, शांतनु कुमार एवं अन्य सहयोगी साथी, क्षितिज गुप्ता, आशुतोष श्रीवास्तव, नारायण गुप्ता, कृष्णा शुक्ला, राहुल शर्मा,
एवं समस्त साथियों एवं ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए धन्यवाद और आभार एवं शुभकामनायें प्रेषित की।
साथ ही समिति अध्यक्ष कन्हैया गुप्ता जी ने यह उद्घोषणा भी की कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'श्री आदर्श रामलीला सेवा ट्रस्ट' द्वारा हैबतपुर में भव्य रामलीला आयोजन के साथ-साथ अक्टूबर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का पुनः आयोजन किया जाएगा।

# ईएसएल स्टील लिमिटेड ने उत्साह और एकता के साथ मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड, बोकारो ने अपने प्लांट परिसर में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया। इस अवसर पर 150 से अधिक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी श्री रवीश शर्मा डिप्टी सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक श्री आनंद दुबे मुख्य वित्तीय अधिकारी, श्री अभिषेक कुमार उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री संजीव तिवारी उप निदेशक, डीआईपी श्री आनंद विजेता उप मुख्य वाणिज्य अधिकारी
और श्री कुणाल दरीपा प्रमुख, सीएसआर शामिल थे।
कार्यक्रम की शुरूआत एक भव्य परेड से हुई, जिसमें डिप्टी सीईओ श्री रवीश शर्मा को सुरक्षा कर्मियों के साथ मंच तक लाया गया। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।
अपने संबोधन में श्री शर्मा ने कहा कि ईएसएल की असली ताकत उसकी तकनीक नहीं बल्कि उसके लोगों की लगन और समर्पण है। उन्होंने सभी से अनुशासन, टीमवर्क, सुरक्षा और गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण में ईएसएल की पहलों का ज़िक्र करते हुए कर्मचारियों को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के निर्माण पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया।
इस मौके पर साल भर में उत्कृष्ट काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कर्मचारियों और उनके परिवारों ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, जिससे माहौल गर्व और एकता से भर गया।

# आखिरकार दगाबाज चीन पर भरोसा करके फिर चोट खाने के रिस्क क्यों उठा रहे हैं भारत के प्रधानमंत्री मोदी

**मसलन, यहां पर सवाल भूमि के किसी कब्जाए हुए टुकड़े या सांप्रदायिक मिजाज पर वर्चस्व की मानसिकता का नहीं है, बल्कि उन दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक-प्रशासनिक फैसलों से जुड़ा हुआ है जिसकी कीमत हमारे वीर जवानों और आम आदमियों को चुकानी पड़ती है।**



जब भी हमारे देश का कोई प्रधानमंत्री चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे शत्रु देशों से वैश्विक कूटनीति के नाम पर प्रेम और भरोसे के पींगे बढ़ाना चाहता है, या फिर नेपाल, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार या तिब्बतियों पर भारतीयों की गाढ़ी कमाई लुटाता है तो मेरे मन में एक ही सवाल पैदा होता है कि हमारे इन नेताओं को इतिहास का ज्ञान नहीं है, या फिर भौगोलिक सच्चाई से ये नादान हैं। क्या इन्हें उन वीर जवानों और साम्प्रदायिक दंगा, आतंकवाद, नक्सलवाद, संगठित अपराध की भेंट चढ़े आमलोगों व सुरक्षा कर्मियों के चेहरे याद नहीं आते, उनकी विधवाओं और बच्चों, वृद्ध माता पिता आदि की याद नहीं आती, जिनकी असमय मौत का एकमात्र कारण चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश या इनका रिंग मास्टर अमेरिका की विध्वंसक नीतियां रही हैं।

मसलन, यहां पर सवाल भूमि के किसी कब्जाए हुए टुकड़े या सांप्रदायिक मिजाज पर वर्चस्व की मानसिकता का नहीं है, बल्कि उन दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक-प्रशासनिक फैसलों से जुड़ा हुआ है जिसकी कीमत हमारे वीर जवानों और आम आदमियों को चुकानी पड़ती है। जैसा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी ने कहा था कि हम इतिहास बदल सकते हैं, लेकिन भूगोल नहीं, के बारे में सिर्फ इतनी सी दलील देना चाहूंगा कि आप इतिहास और भूगोल को यथावत रहने दीजिए, बस अपने राजनीति विज्ञान के विषय वस्तु बदल दीजिए। आपको पता होना चाहिए कि राजनीति विज्ञान परिवर्तन शील होता है, इसलिए इसे हमारे वीर जवानों और आम आदमियों के अनुकूल बना दीजिए। आपको भी इस बात का आभास होगा कि हमारे दलित-पिछड़े लोग इन सूक्ष्म प्रशासनिक बारीकियों को नहीं समझ पाते हैं, इसलिए इस अहम बदलाव के लिए किसी जनादेश का इंतजार मत कीजिए, बल्कि अपनी अंतरआत्मा से फैसले लीजिए। यह बात मैं इसलिए उठा रहा हूँ कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इस महीने के आखिर में चीन जा सकते हैं। यह सम्मेलन 31 अगस्त और 1 सितंबर को चीन के उत्तरी शहर तियानजिन में होना है। सवाल है कि ऐसा अप्रत्याशित कदम वह तब उठा रहे हैं, जब अमेरिका-चीन प्रेरित हिन्दू विरोधी पाकिस्तानी आतंकवादी पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर से मिले जख्मों को ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जबकि साल 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के बाद यह मोदी की पहली चीन यात्रा होगी। वह इससे पहले 2018 में चीन गए थे।

सीधा सवाल है कि जब प्रधानमंत्री मोदी गलवान सैन्य झड़प से इतने व्यथित थे कि लगातार पांच सालों तक चीन नहीं गए तो अब फिर पहलगाम कांड के तुरंत बाद ऐसा क्यों कर रहे हैं? क्या आपकी अंतरात्मा अब मर चुकी है या फिर अप्रत्याशित अमेरिकी धोखे मिलने के बाद अगले चीनी धोखे खाने की बुनियाद रखने को लालायित मालूम पड़ते हैं! क्या आपको नहीं पता कि जवाहरलाल नेहरू और नरेंद्र मोदी की सद्भावना को मुंह को मुंह चिढ़ाने वाला चीन कभी भी भारत का सगा नहीं हो सकता। सुलगता सवाल है कि वर्ष1962 से साल 2020 तक जब चीन की फितरत नहीं बदली तो आगे फिर किस नीतिगत करिश्मे की उम्मीद आपको है। क्या वह डोकलाम झड़प विस्मृत कर चुके हैं? क्या वह तवांग दंश भूल चुके हैं? क्या बोमडिला उन्हें याद नहीं? क्या आपकी इस यात्रा से लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक की उसकी क्षुद्र मानसिकता बदल जाएगी? क्या भारत को उसके ही पड़ोसियों द्वारा घेरने की उसकी फ़ितरत बदल जाएगी?

यहां पर मैं यह समझ सकता हूँ कि हमारे कतिपय असरदार पर गद्दार नेताओं-अधिकारियों-उद्योगपतियों की तिकड़ी ने क्षणिक लाभवश अदूरदर्शिता दिखाते हुए अमेरिकी दबाव में भारतीय अर्थव्यवस्था को चीनी अर्थव्यवस्था पर निर्भर बना दिया। लेकिन इसी दिक्कत को दूर करने के लिये ही तो यूपीए के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को 10 वर्षों के बाद सत्ता से बाहर करते हुए एनडीए के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्रीय सत्ता सौंपी गई। आप पिछले 11 वर्षों से सत्ता में हैं, लेकिन यह समझने में असमर्थ प्रतीत हो रहे हैं कि रूसी दबाव में चीनी मित्रता का प्रयास अपने ही पैर में कुल्हाड़ी मारने जैसा मूर्खता भरा कदम साबित होगा। यह जान लीजिए कि इतिहास खुद को दोहराता है और आप इससे बच नहीं सकते।

मेरी स्पष्ट राय है कि अमेरिका से तल्खी के बीच चीन-ईरान से बढ़ रही नज़दीकी कदापि भारत के पक्ष में नहीं होगी। खबर है कि पीएम नरेन्द्र मोदी एससीओ लीडर्स समिट में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात कर सकते हैं। वहीं इस दौरान वो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी द्विपक्षीय मुलाकात कर सकते है। वहीं, चीन यात्रा से एक दिन पहले पीएम का जापान जाने का भी कार्यक्रम है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इन दोनों ही यात्राओं को लेकर फिलहाल कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन बीते कुछ वक्त से भारत और चीन के संबंध सामान्य होने की दिशा में है। बीते महीने विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन की यात्रा पर थे। उन्होंने राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ मुलाकात में इस बात का जिक्र किया था कि किस तरह से पीएम मोदी और चिनफिंग के निर्देशन से द्विपक्षीय संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली है। उसी चीन यात्रा के लिए ग्राउंड वर्क तैयार रहा करने के लिहाज से अहम थी। इससे पहले जून महीने में ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और रक्षा मंत्री राजनाथ भी चीन का दौरा किया था।सवाल है कि इतने तल्खी भरे रिश्ते के बावजूद भी दोनों देश कैसे करीब आए तो जवाब होगा कि पिछले वर्ष रूस में मोदी-जिनपिंग की हुई मुलाकात के बाद द्विपक्षीय रिश्तों की बर्फ़ ही नहीं पिघली, बल्कि पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर जैसा तात्कालिक जख्म भी मिला, जिससे अमेरिका-चीन दोनों बेनकाब हुए। इससे पहले बंगलादेश से भारत समर्थक शेख हसीना की सरकार का तख्ता पलट किया गया। भारत ने यहां भी आत्मघाती चुप्पी साधी, जिससे अमेरिका-चीन के हौसले बढ़े।

यह ठीक है कि गत 23 जुलाई को पांच साल के अंतराल के बाद भारत ने चीन के लिए टूरिस्ट वीजा की बहाली की। वहीं, इस साल की शुरुआत में कैलाश मानसरोवर पर सहमति बनने के बाद 26 अप्रैल को इसके शेड्यूल की घोषणा हुई। वहीं, अब सीधी फ्लाइट्स की बहाली को लेकर भी सकारात्मक चर्चा चल रही है। इन परिस्थितियों में हमारी स्पष्ट सोच है कि अमेरिका, रूस, चीन को बातचीत के टेबल पर स्पष्ट कर दिया जाए कि आसेतु हिमालय के भारत के पड़ोसी देशों, अरब देशों, आशियान देशों में कोई भी भारत विरोधी कदम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि भारत गुटनिरपेक्ष देश ही नहीं बल्कि ग्लोबल साउथ का अगुवा राष्ट्र भी है। यदि चीन सहमत हैं तो प्रेम के पींगे बढ़ाइए, अन्यथा फुलस्टॉप लगा दीजिए। ऐसा करना ही हमारे लिए आर्थिक और सैन्य दृष्टि से श्रेयस्कर होगा। इससे भारत-चीन की ब्रेक के बाद होने वाली लड़ाई भी थम जाएगी।

## भुने मखाने से पोहा की नमकीन तक... घर पर ही इन हेल्दी स्नैक्स से त्योहार करें सेलिब्रेट



**जब भी कोई मेहमान हमारे घर पर आता है, तो हम उन्हें चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक्स के साथ स्नैक्स सर्व करते हैं. जिसमें नमकीन और चटपटी चीजें होती हैं. लेकिन रक्षाबंधन के दिन आप कुछ यूनिक, टेस्टी और हेल्दी स्नैक्स बना सकते हैं. जो परिवार, रिश्तेदारों और मेहमानों को बहुत पसंद आएगा. इसे आप घर पर आसानी से बना सकते हैं. आइए जानते हैं ऐसी तीन स्नैक्स से रेसिपी**

रक्षाबंधन का पावन दिन हर भाई और बहन के लिए खास होता है. महिलाएं अपने मायके जाती हैं. पूरा परिवार एक साथ मिलकर त्योहार को मनाते हैं. घर पर आए रिश्तेदारों और मेहमानों के लिए कई तरह के पकवान और मिठाई बनाई जाती हैं. आते ही उन्हें चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक्स के साथ स्नैक्स सर्व किए जाते हैं. ज्यादातर लोग बिस्कुट या नमकीन जैसी चीजें सर्व करते हैं. कुछ लोग अपनी हेल्थ कॉन्शियस होते हैं. रोजाना से लेकर किसी खास मौके वह हर दिन हेल्दी चीजें खाते हैं और बाहर बने खाने से परहेज करते हैं.

लेकिन इसके अलावा भी स्नैक्स में कई ऑप्शन हो सकते हैं. वैसे भी त्यौहार के मौके पर ज्यादा पूरी या ऑयली और मसालेदार खाना बनता है. ऐसे में स्नैक्स में आप कुछ हेल्दी बना सकते हैं. जो खाने में भी टेस्टी हो, बनाने में भी समय न लगे और सभी को पसंद आए. आप पोहा, मखाना और चना ऐसी हेल्दी चीजों से घर पर स्नैक्स बना सकते हैं. आइए जानते हैं ऐसे कुछ स्नैक्स की रेसिपी के बारे मेंमखाने और ड्राई फ्रूट

आप मखाने और ड्राई फ्रूट से हेल्दी स्नैक्स बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए सबसे पहले तो बादाम और काजू डालें. इसे थोड़ा में पानी डालें. इसके बाद एक पैन में पानी गर्म करें और उसमें मटर डालें, दूसरे में ब्रोकली डालकर उबाल लें. इसके बाद एक पैन में तेल गर्म करें और उसमें भीगे हुए काजू-बादाम डालकर फ्राई कर लें. अब इसमें लाल और पीली शिमला मिर्च डालें. इसके बाद बॉयल की हुई ब्रोकली और मटर इसमें डालें, भीगे हुए मूंगफली के दाने, रोस्टेड मखाने, किशमिश, नमक, काली मिर्च, चाट मसाला और नींबू का रस इसमें मिला लें. अब एक प्लेट में इस डालें और सर्व करें.

**पैरी पैरी मखाना**

आप पैरी पैरी मखाना भी घर पर बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए मखाने को धीमी आंच पर 7 से 8 मिनट तक कुरकुरा होने तक भून लें. इसके बाद उसे अलग रख दें. अब पैन में धीमी आंच पर मक्खन पिघलाएं और पेरी-पेरी मसाला डालें. इसे अच्छे से मिक्स करें. अब इसमें भुने हुए मखाने डालें और इसे अच्छे से मिक्स कर लें. लीजिए बनकर तैयार है पैरी पैरी मखाना. इसे आप जल्दी घर पर बना सकती हैं.

**मुरमुरे पोहा**

आप मुरमुरे और पोहा से टेस्टी और हेल्दी स्नैक्स बना सकते हैं. इसे बनाने के लिए सबसे पहले तो मुरमुरे में पानी डालें और तभी पानी से धोकर छान लें. इसे ज्यादा देर तक पानी में न रखें. अब एक पैन में तेल डालकर मूंगफली भून लें और इसे अलग निकाल लें. अब गैस पर कड़ाही रखें और उसे तेल डालकर गर्म करें. इसमें सरसों के दाने डालें फिर करी पत्ता और हरी मिर्च इसमें डाले. इसके बाद कटे हुए प्याज डालें, जब वह पक जाए तब इसमें बारीक कटे हुए टमाटर डालकर पकाएं.इसके बाद हल्दी पाउडर, थोड़ी चीनी और नमक डालें और अच्छे से मिक्स कर लें. आप चाहें तो इसमें लाल मिर्च पाउडर भी डाल सकते हैं. अब इसमें भीगे हुए मुरमुरे डालें और उन्हें अच्छे से मसाले के साथ में मिक्स कर लें.

## संपादकीय

# किसान हित पहले

देश को धीरे-धीरे समझ आने लगा है कि भारतीय कृषि व डेरी क्षेत्र में अमेरिकी उत्पाद खपाने के लिये ही डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ आंतक फैला रहे हैं। यही वजह है कि पहले संयम दिखाने के बाद भारत ने निरंकुश ट्रंप सरकार को चेता दिया है कि भारतीय किसानों व दुग्ध उत्पादकों के हितों की बलि नहीं दी जा सकती। हमारे लिये यह देश की एक बड़ी कृषि व डेरी उद्योग से जुड़ी आबादी के जीवन-यापन का भी प्रश्न है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप द्वारा अतार्किक टैरिफ बढ़ाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने देश के किसानों को आश्वस्त किया है कि उनके हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। भारत में हरित क्रांति के सूत्रधार,प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के मौके पर उनका यह बयान और महत्वपूर्ण व प्रासंगिक हो जाता है। कृतज्ञ राष्ट्र स्वीकार करता है कि स्वामीनाथन के हरित क्रांति में योगदान से भारत खाद्यान्न की कमी से उबरकर आज खाद्यान्न अधिशेष वाला राष्ट्र बन गया है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि भारत वाशिंगटन के उन मंसूबों पर पानी फेरने के लिये खड़ा हो गया है, जिनके तहत अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों से कम टैरिफ के साथ भारत के बाजार को पाटना चाहता है। निस्संदेह, भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले तीन प्रमुख क्षेत्रों कृषि, डेरी फार्मिंग और मत्स्य पालन से जुड़े करोड़ों लोगों की अजीविका की रक्षा करने के लिये प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता सराहनीय है। हालांकि, इस दृढ़ संकल्प की परीक्षा ट्रंप शासन द्वारा ली जाएगी। जो भारत द्वारा रूस से सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीदने के मुद्दे को लेकर लगातार दबाव बना रहा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि भारतीय राजनीति में किसान उत्पादक व उपभोक्ता से इतर बड़ा राजनीतिक घटक भी है। ऐसे में जाहिर है कि प्रधानमंत्री मोदी कृषक समुदाय को किसी भी कीमत पर नाराज नहीं करना चाहेंगे।इसमें दो राय नहीं कि विगत में भी किसान असंतोष को राजनीतिक हथियार बनाने में विपक्ष ने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। खासकर केंद्र सरकार ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ वर्ष 2020-21 में दिल्ली की सीमाओं पर साल भर चले किसान आंदोलन से कड़वा सबक सीखा है। किसान लंबे समय तक अपनी मांगों को लेकर डटे रहे थे। जिसके बाद अंततः इन विवादास्पद कानूनों को निरस्त कर दिया गया था। इस बीच आंदोलन में किसानों ने अपने अनेक साथियों को खोया था। दरअसल, आंदोलनकारी किसानों की एक मुख्य मांग- विभिन्न कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गारंटी देने की थी। कृषि संगठनों के साथ लंबी चली कई दौर की बातचीत के बावजूद एमएसपी मुद्दे पर गतिरोध कायम है। आज अमेरिकी दबाव का सामना करने के लिये विभिन्न हितधारकों को एकजुट होने की आवश्यकता है। बहरहाल, अमेरिका के खतरनाक मंसूबे अब उजागर होने लगे हैं। वह भारत के बाजार को अपने डेरी उत्पादों के लिये डंपिंग ग्राउंड बनाने पर आमादा है। निस्संदेह, डोनाल्ड ट्रंप के हमले का सामना करने के लिये भारतीय कृषि बाजार को अधिक लचीला और लाभदायक बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर भारतीय किसानों पर बढ़ता भारी कर्ज भी एक चिंताजनक स्थिति है। खासकर देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राज्य पंजाब और हरियाणा में। साथ ही केंद्र सरकार को किसानों की आय बढ़ाने वाले उपायों पर ध्यान देने की सख्त जरूरत है। सही मायनों में भारतीय कृषि में उन आमूल-चूल परिवर्तनों की आवश्यकता है जो न केवल किसान की आय बढ़ाएं बल्कि कृषि उत्पादों को विश्व बाजार की चुनौतियों से मुकाबला करने में भी सक्षम बनायें। एक सौ चालीस करोड़ आबादी वाला देश भारत दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है। इस आबादी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना भी देश की प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे में हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी .

# दुनिया का दादा क्यों फोड़ रहा है टैरिफ के सुतली बम

**अपनी सनक में लिए गए फैसलों से हाहाकार मचा देने के आदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लाद दिया है**




ट्रम्प की ख़ब्त का कोई ओर-छोर नहीं है। जिस टैरिफ को वे एटम बम बता कर फोड़ते हैं उसकी ताकत सुतली बम से ज़्यादा की न हो क्योंकि इसके पहले मैक्सिको और कनाडा को वे अपना 51वां राज्य बनाने का मंसूबा भी ज़ाहिर कर चुके हैं। फिर उनका ग्रीनलैंड ख़रीदने का मन भी बन गया था। डेनमार्क के डेनिश साम्राज्य के तहत ही ग्रीनलैंड एक स्वतंत्र द्वीप है और इसके नागरिकों ने ही ट्रम्प को टका सा जवाब दे दिया था।अपनी सनक में लिए गए फैसलों से हाहाकार मचा देने के आदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लाद दिया है। पहले 25 प्रतिशत की घोषणा के बाद अब 25 फीसदी का अतिरिक्त टैरिफ बतौर पैनल्टी इसलिए लगा दिया क्योंकि भारत ने रूस से तेल ख़रीदना (कुल 80 प्रतिशत आयात का 36 प्रतिशत) जारी रखा है; और रखेगा। इसके संकेत भी दे दिए। इसके उलट भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तो यहां तक कह दिया कि अमेरिका भी तो रूस से यूरेनियम और खाद ख़रीदता है। यही सवाल जब अमेरिकी राष्ट्रपति से एक संवाददाता ने पूछा तो वे इसे सीधे ही टाल गए। 50 प्रतिशत टैरिफ पर विचार के लिए दुनिया के दादा ने भारत को तीन हफ्तों का समय दिया है क्योंकि तब उनका एक दल ट्रेड डील पर बात करने के लिए भारत में होगा। यह तो पता नहीं कि बातचीत क्या रुख लेगी, लेकिन अब भारत अमेरिका से पैनल्टी खाने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। ऐसा तो ट्रम्प ने युद्ध सुलगाने वाले देशों के साथ भी नहीं किया। रूस और इजराइल के आगे अमेरिका की चाल ज़रा नहीं बदलती। विस्तारवादी चीन के आगे भी आंकड़ा 30 फ़ीसदी तक पहुंचा है। भारत के साथ केवल ब्राज़ील खड़ा है जिस पर भी 50 प्रतिशत वाला बम फोड़ा गया है। वहां के राष्ट्रपति लुला डी सिल्वा ने साफ़ कह दिया है कि ब्राज़ील व्यापार के नए अवसर तलाशेगा और अपने देश के उद्योगों को राहत देगा। उधर भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अभी रूस में हैं और जल्द ही विदेश मंत्री जयशंकर भी जाने वाले हैं। चीन के साथ भी भारत अपनी पॉलिसी शिफ्ट करता हुआ नज़र आ रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस माह के आख़िर में चीन जाएंगे। उनकी यह यात्रा पूरे सात साल बाद हो रही है। ऐसा क्यों हुआ कि %अब की बार ट्रम्प सरकार% से मज़बूत हुई यह दोस्ती उस कग़ार पर पहुंच गई जहां द्विपक्षीय व्यापार इस क़दर टूटने लगा?जवाब अंग्रेज़ी में लिखने वाले एक पद्मश्री पत्रकार के लेख में खोजा जा सकता है। अमूमन वे इस सरकार के विचार से अलग होकर कम ही लिखते हैं लेकिन इस बार उन्होंने लिखा है। लेख में सवाल है कि अमेरिका के साथ ऐसी नौबत क्यों आई? लेख के मुताबिक लगभग एक दशक से ऐसा लगता रहा था कि भारत अमेरिका का मज़बूत सहयोगी है। वाशिंगटन से मुक़ाबला करने में पाकिस्तान और बांग्लादेश हमसे बेहतर रहे जबकि हमारे यहां मोदी इकोसिस्टम तो आतंरिक सियासी संघर्ष का शिकार हो गया। सरकार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिका को यूं नहीं नकारना चाहिए था। संसद की बहस में यह ध्वनि और स्पष्ट हुई कि सरकार यह नहीं स्वीकारना चाह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर को रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की कोई भूमिका रही। क्या हो जाता जो सरकार कह देती कि %धन्यवाद ट्रम्प जी, पाकिस्तान को सद्बुद्धि देने और उसे खुद को विनाश से बचाने के लिए!%पत्रकार का सवाल वाजिब है। आखिर कूटनीति इसे ही तो कहा जाता है और यहां इस बार हम चूके हैं। युद्ध का रुकना कब ग़लत हुआ है। वे लिखते हैं- %शुरुआत में भारत नरेन्द्र मोदी की नई सरकार के साथ लगातार अपनी ताकत का प्रदर्शन कर रहा था, जो अपने चरम पर उस वक्त दिखा, जब भारत मंडपम में मोदी से हाथ मिलाने और गले लगने के लिए जी-20 देशों के शासनाध्यक्ष कतार में खड़े नजर आए। भारत दुनिया को और खास तौर से पश्चिम को उपदेश पिला रहा था। यह सब मिलकर सत्तातंत्र के विरोधाभास के दो ध्रुवों का पहला ध्रुव बनाता है। दूसरा ध्रुव तब उभरता है जब जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका, कनाडा और दबे रूप से ब्रिटेन के साथ रिश्तों में खटास उभरती है। सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर और गुरपतवंत सिंह पन्नू मसले की छाया उभरी, लेकिन ट्रूडो के कनाडा को छोड़ किसी ने कोई हंगामा नहीं खड़ा किया। पहला झटका लगा, जब तत्कालीन अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने घोषणा की कि बाइडेन को नई दिल्ली में जनवरी में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया है और गणतंत्र दिवस की परेड में मुख्य अतिथि बनने का भी न्यौता दिया गया है। उन्होंने इसे रद्द कर दिया, तो फ्रांस के राष्ट्रपति ने हमें शर्मिंदगी से बचा लिया। इस समय तक हमारा विरोधाभास उभर आया था और उसमें वृद्धि हो रही थी। एक दशक तक यही धारणा बनी रही कि पश्चिमी खेमा भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक सहयोगी मानता है।

चीन के साथ उत्तर-पश्चिमी और पूर्वी सेक्टरों में तनाव के दौरान अमेरिकी मदद की खामोश स्वीकृति भी उभरी। हम खुद को पश्चिम का अपरिहार्य व अनिवार्यतः स्वाभाविक सहयोगी मानकर खुश होते रहे लेकिन फिर उसके प्रति इंदिरा युग वाली चिढ़ उभरने लगी थी। लेख का अंत दिलचस्प है जो कहता है- ऐसा क्यों नहीं हुआ? क्योंकि राहुल गांधी ने संघर्षविराम होने के चंद घंटे के भीतर ही पहला वार कर दिया था कि सरकार ने मध्यस्थता स्वीकार की। राहुल गांधी सरकार को अपना एजेंडा बदलने के लिए अक्सर उकसाते रहते हैं। यह सब पीड़ित होने के गहरे भाव में और इज़ाफा ही करता है।तब क्या वाकई सरकार विपक्ष की भूल-भुलैया में फंस जाती है। जातिगत जनगणना में भी यही हुआ। इस गणना को सर्वथा नकारने वाली सरकार ने फिर इसे कराने की ठान ली। कुछ महीने पहले बिहार में राहुल गांधी की ज़िद और ललकार ने भी सरकार को प्रेरित किया। बिहार में उन्होंने कहा था- %पहला कदम यह पता लगाना है कि सच्ची स्थिति क्या है। जाति जनगणना को हम छोड़ने वाले नहीं हैं।इससे पहले भी राहुल गांधी संसद में ख़म ठोक चुके थे कि, %अर्जुन की ही तरह उन्हें भी केवल मछली की आंख दिख रही है और वे जातीय जनगणना करा कर रहेंगे।% वे द्रोणाचार्य द्वारा गुरु दक्षिणा में एकलव्य का अंगूठा लिए जाने का उदाहरण देकर कह रहे थे कि आपने किस-किस का अंगूठा काटा है, हम यह जानकर ही दम लेंगे।भारत-अमेरिका के बीच इस तनाव की वजह जानने का एक सवाल जब एआई चैटजीपीटी से पूछा जाता है

तो जवाब आता है- साल 2023 में यूएस डिपार्टमेंट ऑफ़ जस्टिस ने एक भारतीय नागरिक को पन्नू की हत्या की कोशिश का आरोपी ठहराया था और ऐसा ही एक मामला कनाडा में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से भी जुड़ा देखा गया। इन घटनाओं ने विदेशी धरती पर भारतीय खुफ़िया विभाग को संदेह की निगाह से देखने पर मजबूर किया। समय-समय पर अमेरिकी सरकार और मानव अधिकार संगठनों ने भी भारत में प्रेस की आज़ादी और धार्मिक स्वतंत्रता के मसलों को गंभीर माना। भारत की ओर से असहमत आवाज़ों और गैर सरकारी संगठनों पर सख्ती भी एक वजह रही। अमेरिका में विदेश नीति के केंद्र में लोकतंत्र और मानव अधिकार का नैरेटिव काम करता है, लिहाज़ा तनाव भी बढ़ा। यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में रूस से तेल ख़रीदना भी एक वजह है। बहरहाल इन तमाम कारणों से अलग राष्ट्रपति ट्रम्प जो टैरिफ का खेल चला रहे हैं, उसे खुद अमेरिकी कानून ही शक्ति का दुरुपयोग बता रहा है। पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिला देने वाले ट्रम्प का असल विरोध भी शायद उन्हीं के देश से होगा क्योंकि लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आज़ादी को वहां बुनियादी हक़ माना गया है। नोबेल पुरस्कार विजेता (2008) और अर्थशास्त्र के जानकार पॉल क्रुगमैन ने भी कह दिया है कि व्यापार को लेकर ट्रंप जो भी कर रहे हैं वह ग़ैरक़ानूनी है और आंकड़े बता रहे हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था अब धीमी हो चली है।

